BELLA CASA Fashion & Retail Ltd.

# BELLA CASA FASHION & RETAIL LIMITED

Importers, Manufacturer & Exporters of :
Home Furnishing, Garment & Fabrics

Ph. : 0141-2771844
E-mail : info@bellacasa.in
Website : www.bellacasa.in

E-102, 103, EPIP, Sitapura Industrial Area, Jaipur - 302022, INDIA

CIN : L17124RJ1996PLC011522

Ref- BSE/2021-22/41

Date: February 22, 2022

To,

Corporate Relationship Department,

BSE Limited

Phioze Jeejeebhoy Tower,

Dalal Street,

Mumbai – 400 001

Subject-Intimation under Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015

Scrip Code- 539399

Dear Sir/Ma'am,

In terms of Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copy of newspaper advertisement published in Dainik Navjyoti (Hindi Newspaper) and Financial Express (English Newspaper) on February 15, 2022 for extract of unaudited financial results for the quarter and Nine Months ended on December 31, 2021.

Kindly take this information on record.

Yours faithfully

For Bella Casa Fashion & Retail Limited

For BELLA CASA FASHION & RETAIL LIMITED
Harish Kumar Gupta
Chairman cum Wholetime Director
DIN- 01323944

Harish Kumar Gupta

Chairman cum Whole Time Director

DIN- 01323944

## विवादित जमीन पर कब्जा हिस्ट्रीशीटर भूमाफिया गिरफ्तार



**नवज्योति, जयपुर।** बनीपार्क पुलिस ने विवादित जमीन पर कब्जा करने वाले जयसिंहपुरा खोर थाने के हिस्ट्रीशीटर भू-माफिया इन्द्राज को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी नरेश कुमार ने बताया कि साल-2019 में परिवादी राजेश अग्रवाल ने रिपोर्ट दी, जिसमें आरोप था कि उनकी मां के नाम की आवासीय भूमि का फर्जी पट्टा बनाकर भागीरथ सिंह ने कोर्ट में वाद पेश कर फर्जी दस्तावेजों को असल के रूप में पेश कर दिए। पुलिस ने जांच करते हुए भू-माफिया गिरोह के सदस्य भागीरथ सिंह को गत साल 29 दिसंबर को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद मुख्य आरोपी इन्द्राज सैनी फरार हो गया, जिसे पुलिस ने 13 फरवरी को गिरफ्तार कर लिया। इसके खिलाफ दो दर्जन से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

# जवाहर सर्किल, मुहाना और श्याम नगर में स्नैचर सक्रिय, पर्स, रुपए और मोबाइल छीना

### कार चालक से मारपीट कर छीना पर्स

**नवज्योति, जयपुर।** जवाहर सर्किल इलाके में बदमाशों ने एक कार चालक के साथ मारपीट कर पर्स छीन लिया। इस संबंध में सोडाला निवासी सक्षम पंचौली ने रिपोर्ट दी है कि वह दो दिन पहले मालवीय नगर जीटी के पीछे से कार से जा रहा था। तभी दूसरी कार पर आए तीन युवकों ने उन्हें रोककर मारपीट कर पर्स छीन लिया। पर्स में दो हजार रुपए समेत दस्तावेज रखे थे।

### युवक की जेब से निकाले रुपए

सांगानेर इलाके में एक युवक के साथ मारपीट कर उसकी जेब से 12 हजार रुपए चोरी कर लिए गए हैं। इस संबंध भूरासर झुंझूनूं निवासी रोनित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह श्यापुर रोड स्थित शराब की दुकान बंद कर रहा था, तभी थे। तभी वहां तीन-चार युवक आए, जिन्होंने बीयर मांगी। पीड़ित ने दुकान बंद होने का हवाला देते हुए उन्हें मना कर दिया। तभी उन युवकों ने अपने और साथियों को बुला लिया और पीड़ित युवक के साथ मारपीट कर जेब से 12 हजार रुपए निकाल लिए।

### बदमाशों ने महिला और बुजुर्ग से छीने मोबाइल

**जयपुर।** बाइक सवार बदमाश शहर के दो इलाकों में महिला और बुजुर्ग का मोबाइल छीनकर फरार हो गए। मुहाना थाने में सीडी ब्लॉक दादूदयाल नगर निवासी कमलेश अवस्थी ने रिपोर्ट दी है कि दो दिन पहले वह पानी की टंकी के पास दूध लेकर घर आ रही थी तभी ट्राइंगल हाउस के सामने दो बदमाश मोबाइल छीन ले गए। श्याम नगर थाने में हीरानगर निवासी ताराचंद जैन ने रिपोर्ट दी है। वह दो दिन पहले वह घर के सामने खड़े थे तभी बाइक पर दो लड़के आए और मोबाइल छीनकर भाग गए।

### मोबाइल लूट का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** शास्त्री नगर पुलिस ने सोमवार को मोबाइल लूट का प्रयास करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाप्रभारी दिलीप सिंह ने बताया कि 11 फरवरी को परिवादी सुखित निवासी भट्टा बस्ती ने रिपोर्ट दी कि वह साइकिल से साइंस पार्क शास्त्री नगर से घर जा रहा था। बाइक सवार तीन लोग आए और मोबाइल छीनकर भागने लगे। टीम ने जांच कर आरोपी अरबाज निवासी खड्डा बस्ती आदर्श नगर हाल रामनगर थाना भट्टा बस्ती को गिरफ्तार कर लिया।

## चोरों ने तीन घरों को बनाया निशाना

**नवज्योति, जयपुर।** शहर में चोर तीन घरों के ताले तोड़कर जेवर-नकदी ले गए। गोविंदपुरा निवासी जसवंत सिंह यादव ने करधनी थाने में रिपोर्ट दी। वह 30 जनवरी से परिवार सहित बाहर गए थे, इस दौरान चोर मकान से जेवर और 36 हजार रुपए ले गए। गोविंद नगर-द्वितीय वैद्यजी का चौराहा निवासी रोहित जोशी ने करधनी थाने में रिपोर्ट दी कि चोर बीते रविवार की रात उनके घर से 7500 रुपए नकद और अन्य सामान ले गए। शिप्रापथ थाने में पटेल मार्ग निवासी अरविंद कुमार दीक्षित ने रिपोर्ट दी है। वह छह फरवरी को किसी काम से दिल्ली गए थे। चोर सोने-चांदी के जेवर और 15 हजार रुपए चुरा ले गए।

## 10 हजार रु. लेते दलाल गिरफ्तार

### पासपोर्ट सेवा केन्द्र में लम्बित कार्य कराने के लिए मांगे थे रुपए



**ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने सोमवार को ऑर्बिट मॉल स्थित पासपोर्ट सेवा केन्द्र में लम्बित कार्य को कराने की एवज में 10 हजार रुपए की घूस लेते दलाल इकराम खान को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी के डीजी भगवान लाल सोनी ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दी कि उनके बेटे के पासपोर्ट में त्रुटि सुधार के ढाई वर्ष से लम्बित मामले को करवाने की एवज में दलाल इकराम खान रिश्वत की मांग कर रहा है। शिकायत पर टीम ने जब सत्यापन किया तो आरोपी ने 45 हजार रुपए की मांग करते हुए पांच हजार रुपए की घूस ले ली। बाकी पांच हजार रुपए पेटीएम करवा लिए। इसके बाद टीम ने दलाल इकराम खान निवासी नटराज नगर इमली फाटक लाल कोठी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी इकराम के पासपोर्ट विभाग के अधिकारियों से संपर्कों के संबंध में जांच की जारी है।

## बालक का अपहरण करने वाला फरार युवक गिरफ्तार



**ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर।** सेज पुलिस ने सोमवार को इण्डो ऑटोटेक कम्पनी महिन्द्रा सेज से 12 फरवरी पांच वर्षीय बालक का अपहरण करने वाले फरार युवक को जायका रेस्टोरेन्ट झांई के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम ऋचा तोमर ने बताया कि मुल्जिम राजेश निवासी पिन्जरी अलीगंज उत्तरप्रदेश हाल सेज का निवासी है और शराब-गांजा पीने का आदी है। यह टॉफी और बिस्कुट का लालच देकर बच्चों को छिपा देता है और इसकी एवज में परिजनों से रुपए ऐंठता है। नशे की लत से परेशान होकर दो साल पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। पुलिस ने अपहृत बच्चे को तुरंत ही बरामद कर लिया था।

## कार चालक ने रेड लाइट तोड़ ट्रैफिककर्मी को मारी टक्कर

**जयपुर।** गलता गेट इलाके में सोमवार को खोले के हनुमानजी मंदिर चौराहे पर शाम करीब 5.30 बजे दिल्ली नंबर की एक कार आ रही थी। चालक ने रेड लाइट तोड़ते हुए यातायात हैड कांस्टेबल को टक्कर मार दी, जिससे उनके सिर और पैरों में चोट आई है। घायल को एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। हादसे के बाद अन्य पुलिसकर्मियों ने चालक को पकड़ लिया।

ब्रांडेड कंपनियों के नकली मोबाइल बेचने का मामला

# गिरोह का एक और सदस्य गिरफ्तार

**ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर।** संजय सर्किल थाना पुलिस ने सोमवार को ब्रांडेड कंपनियों के नकली कॉपी मोबाइल बेचने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के एक और सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चार मोबाइल, बार कोड व बिल बुक बरामद की गई है। आरोपी दिल्ली से माल लाकर सप्लाई करता था। गिरफ्तार आरोपी बबलू (28) पंदाना खंडवा मध्यप्रदेश का रहने वाला है। थानाप्रभारी मोहम्मद शफीक ने बताया कि इस मामले में



रविवार को दीपक (47) पुत्र सुखलाल, ममता (35) पत्नी दीपक निवासी पन्दाना खंडवा मध्यप्रदेश, हिना (30) पत्नी शक्ति, शक्ति (33) पुत्र रमेश निवासी इंदौर, मंगल (22) निवासी जलगांव महाराष्ट्र, रवि (32) पुत्र बालू निवासी पंदाना खंडवा और मोहम्मद अली (47) निवासी कच्ची खजूरी दिल्ली को गिरफ्तार किया गया था। इन सभी से पांच दिन के रिमांड पर पूछताछ की जा रही है।

# जयपुर से जाने वाली 22 फ्लाइट रद्द

**जयपुर।** कोरोना संक्रमण के चलते घटते यात्रीभार के कारण एयरलाइन कंपनियां विमानों का संचालन रद्द कर रही हैं। सोमवार को भी जयपुर से जाने वाली इंडिगो की 12, गो फर्स्ट की पांच, स्पाइसजेट की तीन और एयर एशिया की दो फ्लाइटें रद्द रही। जयपुर से जाने वाली इंडिगो की रात 12:40 बजे गोवा, सुबह 4:50 बजे हैदराबाद, सुबह 7:40 बजे दिल्ली, सुबह 8:40 बजे चंडीगढ़, सुबह 8:50 बजे लखनऊ, सुबह 9:55 बजे चेन्नई, दोपहर 12:40 बजे अहमदाबाद, दोपहर 2:10 बजे सूरत, शाम 5 बजे उदयपुर, शाम 5:10 बजे देहरादून, शाम 6:10 बजे कोलकाता, रात 9:05 बजे अहमदाबाद, गो फर्स्ट की सुबह 9:05 बजे कोलकाता, सुबह 11:20 बजे अहमदाबाद, दोपहर 1:20 बजे हैदराबाद, शाम 7:50 बजे कोलकाता, रात 9:30 बजे बैंगलुरु, स्पाइसजेट की सुबह 8:30 बजे मुंबई, दोपहर 12:30 बजे सिलीगुड़ी, रात 10:15 बजे मुंबई, एयर एशिया की रात 8:25 बजे मुंबई, रात 11:50 बजे दिल्ली जाने वाली फ्लाइट का संचालन रद्द रहा।

फीस नही इनाम लूंगा
अजय शास्त्री
गोल्ड मेडलिस्ट
घर बैठे 5 घंटे मे 100% समाधान
प्रेमविवाह व मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार / शादी, रूठे को मनाना, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार में बाधा, पति-पत्नी में अनबन, परिवार को मनाना, सौतन, दुश्मन से छुटकारा। सभी जगह से निराश एक बार फोन करें।
74569 47470

### आपसी विवाद: महिला ने किशोरी पर छोड़ा पालतू कुत्ता

नवज्योति, जयपुर। चित्रकूट इलाके में गांधी पथ स्थित एक अपार्टमेंट में एक महिला ने आपसी विवाद के चलते 12 वर्षीय किशोरी पर पालतू कुत्ता छोड़ दिया। अपार्टमेंट में रहने वाली एक महिला ने रिपोर्ट दी, जिसमें बताया कि 12 फरवरी को उनकी पड़ोसी महिला सोसाइटी में कुत्ते को जिम में घुमा रही थी। पीड़ित महिला ने विरोध किया और सोयायटी के व्हाट्सएप ग्रुप पर डाल दिया। इसके बाद पड़ोसी महिला कुत्ते को जिम में ले गई और पीड़िता की बेटी को डरा दिया। रात में किशोरी की मां के साथ पड़ोसी महिला ने मारपीट की।

### जल्द आएगा स्टेनोग्राफर भर्ती का परिणाम

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से स्टेनोग्राफर भर्ती का परिणाम इसी वीक में आने की संभावना है। फिलाहल बोर्ड तैयारियां में लगा हुआ है। सोमवार को बोर्ड कार्यालय पर बेरोजगारों ने प्रदर्शन कर जल्द परिणाम जारी करने की मांग की।

### जयपुर म्यूजिक स्टेज 10 मार्च से

**जयपुर।** जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के 15वें एडिशन के साथ ही 10 से 12 मार्च तक जयपुर म्यूजिक स्टेज होगा।

### आरएएस मुख्य परीक्षा की तिथि बढ़ाने की मांग

**जयपुर।** 25 और 26 फरवरी को आरएएस मुख्य परीक्षा को प्रस्तावित है, लेकिन मुख्य परीक्षा स्थगित करने की मांग को लेकर राजस्थान में आंदोलन तेज होता जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से जयपुर सहित प्रदेश के करीब सभी जिलों में आरएएस मुख्य परीक्षा स्थगित करवाने की मांग को लेकर आंदोलन चल रहा है।

## सरकार ने जेट परीक्षा के आवेदन शुल्क में की कमी

**ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेट) में आवेदन शुल्क कम करने की बेरोजगारों की मांग आखिरकार सरकार ने मान ही ली है। सरकार ने एक आदेश जारी कर जेट परीक्षा के आवेदन शुल्क में कमी कर दी है। बेरोजगारों ने आवेदन शुल्क अधिक होने के कारण इसे कम करने की मांग की थी। राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ ने भी इसके खिलाफ आवाज उठाई थी। प्रदेश में कृषि विश्वविद्यालय और निजी कृषि विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए होने वाली जेट की आवेदन शुल्क में कमी करते हुए रात को एक आदेश जारी किया गया है। इस आदेश के तहत सामान्य अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 1250 रुपए और एससी-एसटी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 1050 तय किया गया है। आदेश में कहा गया है कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा की फीस में हर साल 10 फीसदी की वृद्धि की जा सकेगी। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेन यादव ने कृषि मंत्री लालचंद कटारिया का आभार जताते हुए कहा कि आवेदन शुल्क में कमी कर सरकार ने हजारों विद्यार्थियों को राहत दी है और इसके लिए महासंघ ने उनका आभार जताता है। पहले आवेदन शुल्क 2800 रुपए था। इसके कारण गरीब विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

## बीट कांस्टेबल ने रात्रि गश्त में किया संवेदनशील स्थानों का चयन



**ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर।** वैशाली नगर थाने में शुरू किए अभियान 'मेरी बीट मेरी जिम्मेदारी' में सोमवार को आयुक्तालय जयपुर के सभी थानों के कांस्टेबल अपनी-अपनी बीट में गए। टीम ने रात्रि गश्त के दौरान संवेदनशील स्थानों का चयन किया। डीसीपी ऋचा तोमर ने बताया कि बीट प्रभारियों ने बीट के प्रतिष्ठित लोगों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों के साथ सभा की और व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा। कांस्टेबल ने अपनी बीट में 47 एटीएम, 42 बैंक, 23 ज्वैलरी शॉप, 34 इलेक्ट्रोनिक्स दुकानें (मोबाइल व लैपटॉप), 53 मकानों को चिन्हित किया। अब यहां पर प्रभावी गश्त व्यवस्था होगी।

सिक्योरिटाईजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेटस एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (कानून) की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना

| अनु. क्र. | कर्जदाता (ओं) का नाम (ए) | गिरवी संपत्ति(यों) का विवरण (बी) | एन.पी.ए की तारीख (सी) | बकाया राशि (रू.) (डी) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कर्ज खाता क्र. HHLAGR00329056<br>1. अर्चना सारस्वत<br>2. पवनेश सारस्वत | फ्लैट नंबर 705, सातवीं मंजिल, पर्ल टॉवर गणपति क्लासिक, मौजा बैपुर, आगरा, उत्तर प्रदेश – 282006 | 17.11.2021 | रू. 20,36,534.81/- (बीस लाख छत्तीस हजार पांच सौ चौंतीस रुपये और इक्यासी पैसे मात्र) 17.11.2021 के अनुसार |

कि ऊपर लिखे नाम वाला उधार लेने वाला(ले) ने ऋण खाते के वित्तीय अनुशासन को बनाए रख पाने में असफल रहे हैं तथा कंपनी द्वारा अपनी आम बिजनेस चर्या में रखे जाने वाले खातों के अनुसार प्रत्येक उधार पाने वाले (लों) के नाम के आगे स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट धनराशि बकाया बनी हुई है।

उधार लेने वाले(लों) की ओर से ऋण धनराशि का पुनर्भुगतान में लगातार चूक होने के कारण उधार लेने वाले(लों) के ऋण खाते को कंपनी द्वारा सीमांकित मापदंडो के भीतर निष्पादनेतर परिसंपत्तियों (स्तंभ सी में तारीख के अनुसार) के रूप में वगीकृत किया गया है। परिणामस्वरूप प्रत्येक उधार लेने वाले को अधिनियमन की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचनाएं भी जारी की गई है।

उपर्युक्त को दृष्टिगत रखते हुए कंपनी एतदद्वारा ऊपर लिखे नाम वाले उधार लेने वाले(लों) का आहवान करती है कि, वे इस सूचना के प्रकाशित होने के दिन से 60 दिन के भीतर अद्यतन ब्याज, लागतें, तथा शुल्कों सहित ऊपर स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट संपूर्ण बकाया देयताओं का भुगतान करके कंपनी के प्रति बनने वाले अपने / उनके पूर्ण दायित्वों का निर्वहन करें, ऐसा न करने पर कंपनी ऊपर के स्तंभ बी में उल्लिखित बंधक रखी गई संपत्ति को अधिग्रहीत करने के लिए कंपनी पात्र होगी।

कृपया ध्यान दें कि सरफेसी कानून की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के अनुसार, ''कर्जदार सार्वजनिक नीलामी द्वारा, कोटेशन आमंत्रित करते हुए, सार्वजनिक निविदा या निजी समझौते द्वारा सुरक्षित आस्तियों की बिक्री के लिए सूचना के प्रकाशन के दिनांक तक केवल सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा किए गए सभी खर्चों, लागतों और प्रभारों के साथ संपूर्ण बकाया देय राशि अदा कर सकता है, इसके अलावा यह भी ध्यान दें कि उपरोक्त विधिक रूप से निर्धारित समयावधि के अंदर सुरक्षित आस्ति का मोचन करने में कर्जदार विफल रहने पर कर्जदार संपत्ति का मोचन करने के लिए पात्र नहीं हो सकता''

सरफेसी अधिनियमन की उपधारा 13(2) के प्रावधान के संदर्भ में, आप इस प्रकार बिक्री, पट्टे के माध्यम से अन्यथा नोटिस में उल्लिखित अपनी सुरक्षित संपत्तियों में से कोई भी (अपने व्यापार के सामान्य पाठ्यक्रम के अलावा) सुरक्षित लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित हैं

कृते इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेन्स लि.
स्थान: भरतपुर (राजस्थान)/आगरा
प्राधिकृत अधिकारी

## रीट भर्ती परीक्षा की जांच सीबीआई से कराने की पेश याचिका पर मांगा जवाब



**ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने रीट-2021 पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई से कराने की गुहार करते हुए दायर याचिका पर महाधिवक्ता को याचिका की कॉपी दिलाते हुए जवाब पेश करने को कहा है। सीजे अकील कुरैशी और जस्टिस सुदेश बंसल की खंडपीठ ने यह आदेश अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जनहित याचिका पर दिए हैं। याचिका में कहा गया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से गत 26 सितंबर को रीट परीक्षा कराई गई थी, लेकिन परीक्षा से पहले ही प्रश्न पत्र बाजार में आ गया। मामले में गत 27 सितंबर को एफआईआर भी दर्ज कराने की कोशिश की गई, लेकिन पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की। मामले में एसओजी सिर्फ फोरी तौर पर जांच कर रही है। चार माह से अधिक का समय बीतने के बाद भी एसओजी पेपर लीक से जुड़े छोटे खिलाड़ियों तक ही पहुंच पाई है। याचिका में यह भी कहा गया कि बोर्ड के तत्कालीन अध्यक्ष डीपी जारोली मान चुके हैं कि प्रकरण को राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ है। प्रकरण की जांच एसओजी को सिर्फ सरकार का चेहरा बचाने और राजनीतिक कारणों के चलते दी गई है। याचिका में आरोप लगाया गया कि प्रकरण में राजनेता, अफसर और पुलिस अधिकारी, कोचिंग माफिया और दलालों ने मिलकर पेपर लीक कराते हुए करोड़ों रुपए कमाए हैं। ऐसे में प्रकरण की जांच एसओजी से लेकर सीबीआई को सौंपी जाए। इस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने प्रकरण में महाधिवक्ता से जवाब पेश करने को कहा है।

## अधिक अंक के बावजूद ओबीसी महिलाओं को सामान्य वर्ग के पद पर नियुक्ति क्यों नहीं

**ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने आरएएस भर्ती-2018 में ओबीसी वर्ग की महिला अभ्यर्थियों के अधिक अंक लाने के बावजूद उन्हें सामान्य वर्ग के पद पर नियुक्ति नहीं देने पर कार्मिक सचिव, प्रमुख पंचायती राज सचिव और आरपीएससी सहित अन्य से जवाब मांगा है। जस्टिस महेन्द्र गोयल ने यह आदेश हनुमान राम की याचिका पर दिए। याचिका में अधिवक्ता हरेन्द्र नील ने अदालत को बताया कि आरपीएससी ने गत 24 दिसंबर को आरएएस भर्ती-2018 का अंतिम परिणाम जारी किया था। भर्ती में चार ओबीसी वर्ग की महिला अभ्यर्थियों के सामान्य वर्ग से अधिक अंक लाने के बावजूद उन्हें अपने वर्ग में ही रखा गया और सामान्य वर्ग के पदों पर नियुक्ति नहीं दी। इसके चलते उनसे कम अंक हासिल करने वाली दूसरी ओबीसी महिला अभ्यर्थियों को ओबीसी जनरल में शामिल किया गया। यदि सामान्य से अधिक अंक लाने वाली ओबीसी महिला अभ्यर्थियों को सामान्य वर्ग के पदों पर नियुक्ति दी जाती तो उनसे कम अंक वाली ओबीसी महिलाओं को ओबीसी जनरल के बजाए ओबीसी महिला वर्ग में नियुक्ति दी जाती। इसके कारण याचिकाकर्ता के हित प्रभावित हो गए। यदि महिला अभ्यर्थियों को नियमानुसार नियुक्ति दी जाती तो याचिकाकर्ता को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज सेवा के बजाए राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयन होता। इस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

**झारखण्ड सरकार (जल संसाधन विभाग),**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु वितरणी प्रमंडल सं०–10 घाटशिला**
e-mail id-mdd10ghatsila@gmail.com

सुवर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना
ई–प्रोक्यूरमेंट सूचना

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विभाग का नाम | :– | जल संसाधन विभाग, झारखण्ड सरकार |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | :– | 21.02.2022 अपराहन् 3:00 बजे। |
| 3 | वेबसाइट से निविदा डाउनलोड करने की तिथि एवं समय | :– | 21.02.2022 अपराहन् 3:00 बजे से 14.03.2022 अपराहन् 5:00 बजे तक। |
| 4 | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | :– | 14.03.2022 अपराहन् 5:00 बजे तक। |
| 5 | प्री–बीड मिटिंग | :– | 07.03.2022 अपराहन् 12:00 बजे। |
| 6 | निविदा खोलने की तिथि | :– | 16.03.2022 अपराहन् 3:30 बजे तक। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | :– | कार्यपालक अभियंता, लघु वितरणी प्रमंडल सं0–10, घाटशिला। |
| 8 | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मुल्य जमा करने की तिथि एवं स्थान | :– | 15.03.2022 अपराहन् 5:00 बजे तक। कार्यपालक अभियंता, लघु वितरणी प्रमंडल सं0–10, घाटशिला। |
| 9 | ई–प्रोक्यूरमेंट पदाधिकारी का टेलीफोन संख्या | :– | 9431547622, 9955940473 |
| 10 | निविदा विवरणी | :– | |

| क्र0 | निविदा प्रसंग | कार्य का नाम | निविदा राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रू0 सौ से गुणक में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | WRD/CC/MDD-10/ GTS/SBD-01/2021-22 dt. 14.02.2022 | Construction of minors, sub minors & water courses of OL-61 (Kalapathar minor) & OR-62 (Dumaria minor) Ex-Km. 123.08 of CLMC through piped irrigation network under gravity. | Rs. 20,16,07,323.92 | Rs. 20,17,000.00 | 10000.00 | 550 दिन |

नोटः– केवल ई–निविदा ही स्वीकार की जाएगी। प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य केवल बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से ही स्वीकार किया जायेगा, जो कार्यपालक अभियंता, लघु वितरणी प्रमंडल सं0–10, घाटशिला के नाम से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मऊभंडार शाखा पर देय होगा।
विस्तृत जानकारी वेबसाईट http:/Jharkhand tenders gov.in पर उपलब्ध है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु वितरणी प्रमंडल सं0–10, घाटशिला।

PR.NO.263875 Water Resource(21-22):D

# भाजपाई आज विधानसभा घेरेंगे, पार्टी ऑफिस पर जुटेंगे और पैदल जाएंगे

**ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर।** भाजपाई रीट पेपर लीक प्रकरण की सीबीआई जांच को लेकर मंगलवार को विधानसभा का घेराव करेंगे। भाजपाई सुबह 10.30 बजे पार्टी ऑफिस पर एकत्रित होंगे, यहां सभा होगी, जिसमें प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ सहित अन्य नेता, विधायक, सांसद अपनी बात कार्यकर्ताओं के सामने रखेंगे। इसके बाद सभी दोपहर 1 बजे पैदल कूच कर विधानसभा का घेराव करेंगे। हालांकि पुलिस की उन्हें विधानसभा पहुंचने से पूर्व ही बाइस गोदाम सर्कल पर रोकने की तैयारी है।

### पेपर पहले चोरी और फिर नीलाम

विधानसभा घेराव कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने कहा है कि गहलोत सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। रीट पेपर सरकार के संरक्षण में चोरी और फिर नीलाम हुए, जिसकी सीबीआई जांच में ही खुलासा हो सकता है। निंबाराम पर धारीवाल के दिए बयान पर कहा कि सरकार ने अपने मंत्रिमंडल में दो-तीन मंत्री संघ को गालियां देने के लिए पाल रखे हैं।

### यूं रहेगी यातायात व्यवस्था

भाजपा के मंगलवार को पार्टी कार्यालय से विधानसभा तक रैली निकालकर घेराव और प्रदर्शन करने के दौरान यातायात की विशेष व्यवस्था होगी।

**डायवर्जन :** सरदार पटेल मार्ग, पृथ्वीराज रोड, भवानी सिंह रोड, सहाकार मार्ग, हवा सड़क, परिवहन मार्ग पर संचालित होने वाले सामान्य यातायात को आवश्यकतानुसार समानान्तर मार्गों पर डायवर्ट किया जाएगा।

**बसों की पार्किंग व्यवस्था:** कार्यक्रम में आने वाली बसों की पार्किंग व्यवस्था स्टेच्यू सर्किल से सेंट जेवियर चौराहे तक भगवान दास रोड पर एवं स्टेच्यू सर्किल से पृथ्वीराज टी-पॉइन्ट तक पृथ्वीराज रोड पर करवाई जाएगी।

**हल्के चौपहिया वाहनों की पार्किंग:** कार्यक्रम में आने वाले हल्के चौपहिया वाहनों की पार्किंग धूलेश्वर गार्डन से राजमहन टी-पॉइंट तक, बगड़िया भवन से चौमूं हाउस चौराहे तक, सेंट्रल पार्क के गेट नम्बर 1,2,3,4 और 5 के अन्दर, आजाद मार्ग, जमना लाल बजाज मार्ग, होटल हवेली, उद्योग मैदान के अन्दर करवाई जाएगी।




**BELLA CASA FASHION & RETAIL LIMITED**
Regd Office : E-102,103, EPIP, Sitapura Industrial Area, Jaipur. CIN: L17124RJ1996PLC011522
Tel: 0141-2771844, Email: saurav@bellacasa.in, naresh@bellacasa.in, website: www.bellacasa.in

EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31ST DECEMBER, 2021

(Rs in lacs except for EPS)

| Sl. No | Particulars | Quarter Ended | | | Nine-Months Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31st December 2021 (Unaudited) | 30th September 2021(Uanaudited) | 31st December 2020(Uanaudited) | 31st December 2021 (unaudited) | 31st December 2020 (unaudited) | 31st March 2021 (Audited) |
| 1. | Total Income from Operations | 6,126.90 | 6,833.67 | 5,368.50 | 15,417.71 | 7,932.01 | 12,941.34 |
| 2. | Net Profit for the period (before Tax,Exceptional and/or Extraordinary items) | 412.04 | 795.89 | 521.59 | 1,222.93 | 475.59 | 735.32 |
| 3. | Net Profit for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 412.04 | 795.89 | 521.59 | 1,222.93 | 475.59 | 735.32 |
| 4. | Net Profit for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 308.91 | 586.08 | 400.36 | 904.10 | 352.51 | 540.19 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising profit for the period(after tax) and other comprehensive Income (after tax)] | 308.91 | 586.08 | 400.36 | 904.10 | 352.51 | 552.21 |
| 6. | Equity Share Capital | 1,147.50 | 1,147.50 | 1,147.50 | 1,147.50 | 1,147.50 | 1,147.50 |
| 7. | Earning Per Share (of Rs. 10 /- each) (for continuing and discontinued operations) (Not Annualised except for March) | | | | | | |
| | 1. Basic | 2.69 | 5.11 | 3.49 | 7.88 | 3.07 | 4.81 |
| | 2. Diluted | 2.69 | 5.11 | 3.49 | 7.88 | 3.07 | 4.81 |

Disclosures
1. The above financial results are reviewed by the Audit Committee and thereafter approved by the Board of Directors at its meeting held on 14th February, 2022.
2. The above is an extract of the detailed format of Financial Results for the quarter and nine months ended on 31st December 2021 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the these Financial Results are available on the websites of the Stock Exchange (www.bseindia.com) and on Company's website www.bellacasa.in.

Place: Jaipur
Date: 14th Feb, 2022

For and on behalf of Bella Casa Fashion & Retail Limited
Harish Kumar Gupta
Chairman & Whole Time Director (DIN: 01323944)

